2023|248

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी / अपीलांट	बनाम	अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट
श्री नेमीचन्द जैन पुत्र श्री रायचन्दजी निवासी जैन धर्मशाला के पास सिरोही रोड तहसील पिण्डवाडा जिला सिरोही।		सरकार जरिये लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही

किस्म मुकदमा— **अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005** मुकदमा नं. 57 वर्ष 2023

दिनांक हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
30.10.2023	अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरुद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे। अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही को दिनांक 04.09.2023, को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि ग्राम जनापुर तहसील पिण्डवाडा जिला सिरोही के जमाबन्दी संवत 2021 से 2024 तक देवा वल्द तेजा रावल व धनराज पुत्र श्री मोती जी महाजनसिंह 1/2 छगनलाल लल्लूराम पि. अनाजी 1/2 रावल के नाम पर खातेदारी में नाम दर्ज था। अपीलांट को संवत 2025 से 2070 की जमाबन्दी की प्रमाणित प्रतिलिपि से सम्बन्धित सूचना सहायक लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था। किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई हैं। मैने पत्रावली का अवलोकन किया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10 जमा करा दिये है। अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही को दिनांक 04.09.2023, को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि ग्राम जनापुर तहसील पिण्डवाडा जिला सिरोही के जमाबन्दी संवत 2021 से 2024 तक देवा वल्द तेजा रावल व धनराज पुत्र श्री मोती जी महाजनसिंह 1/2 छगनलाल लल्लूराम पि. अनाजी 1/2 रावल के नाम पर खातेदारी में नाम दर्ज था। अपीलांट को संवत 2025 से 2070 की जमाबन्दी की प्रमाणित प्रतिलिपि से सम्बन्धित सूचना उपलब्ध करवाई जावे। पत्रावली के अवलोकन से यह पाया जाता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई उपरोक्त सूचना सहायक लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार पिण्डवाडा से सम्बन्धित होने से लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही द्वारा जरिए पत्र क्रमांक/लो.सू.अ./रेकर्ड/2023/1594 दिनांक 08.09.2023 के द्वारा अपीलांट का मूल आवेदन ही तहसीलदार पिण्डवाडा को स्थानान्तरित कर दिया था, परन्तु सहायक लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार पिण्डवाडा द्वारा निर्धारित समयावधि में चाही गई सूचना अपीलांट को उपलब्ध नहीं करवाई गई है। अतः अपीलांट की अपील स्वीकार की जाकर सहायक लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार पिण्डवाडा को आदेशित किया जाता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई समस्त सूचना तत्काल नियमानुसार उपलब्ध करावें। यदि सूचना देना नियमों में संभव नही हो तो स्पेसीफिक आदेश पारित कर अपीलांट को सूचित करें। निर्णय सर–ए–इजलास सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो। (डॉ. भँवर लाल) **जिला कलक्टर, सिरोही**	

Scanned with CamScanner